TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

19 अगस्त 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा ही वह धन है, जिसे न कोई चुरा सकता है और न बाँटने से कम होता है।

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **19.08.2026**

## क्रिया-केंद्रित पाठ्यक्रम

क्रिया-केंद्रित पाठ्यक्रम वह पाठ्यक्रम है जिसमें विद्यार्थियों को केवल पुस्तक के माध्यम से ज्ञान देने के बजाय विभिन्न गतिविधियों, प्रयोगों, अभ्यासों और कार्यों में सक्रिय रूप से शामिल करके सीखने का अवसर दिया जाता है। जिस पाठ्यक्रम में विद्यार्थी गतिविधियों के माध्यम से सक्रिय रूप से सीखते हैं, उसे क्रिया-केंद्रित पाठ्यक्रम कहते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**डॉ. द्वारकानाथ कोटनिस** सोलापुर में जन्मे एक महान भारतीय डॉक्टर थे, जिन्होंने 1938 में **चीन** जाकर युद्ध के दौरान घायल सैनिकों की निस्वार्थ सेवा की। उनके इस **अदम्य साहस** और सेवा भाव का **चीन** आज भी गहरा सम्मान करता है।

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

मधु प्रिया

# विश्व फोटोग्राफी डे

## 19 अगस्त



फोटोग्राफी कला, विज्ञान और भावना का अद्भुत संगम है, जो पल-पल की यादों को हमेशा के लिए संजो देती है।

### परिचय

विश्व फोटोग्राफी डे हर साल **19 अगस्त** को मनाया जाता है। यह दिन **1839** में फ्रांस सरकार द्वारा डैगुएरोटाइप प्रक्रिया की घोषणा की स्मृति में मनाया जाता है, जिसने फोटोग्राफी के इतिहास में एक नई क्रांति लाई।

### उद्देश्य

- फोटोग्राफी के महत्व और कला को पहचान देना।
- फोटोग्राफरों के योगदान को सम्मानित करना।
- दृश्यों के माध्यम से कहानियाँ और भावनाएँ साझा करने के लिए प्रेरित करना।

### फोटोग्राफी का महत्व

- यादों को संजोकर रखती है।
- इतिहास, संस्कृति और प्रकृति का दस्तावेज बनती है।
- समाज में जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक है।
- रचनात्मकता और दृष्टिकोण को विकसित करती है।

### फोटोग्राफी के क्षेत्र

- प्रकृति फोटोग्राफी
- विवाह फोटोग्राफी
- पत्रकारिता फोटोग्राफी
- शहरी/स्ट्रीट फोटोग्राफी

### अच्छी फोटोग्राफी के लिए टिप्स

- अच्छे कोण का चयन करें
- प्राकृतिक प्रकाश का उपयोग करें
- फोकस और फ्रेमिंग पर ध्यान दें
- रचनात्मकता और धैर्य बनाए रखें
- हर पल को एक कहानी की तरह देखें



“हर तस्वीर एक कहानी कहती है,
हर कहानी एक एहसास जगाती है।”



# Teachers of Bihar
The change makers

# 19 अगस्त
मधु प्रिया

## आज का दिन इतिहास में

### 19 अगस्त की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- **1666** शिवाजी आगरा में फलों की टोकरी में छिपकर औरंगजेब की कैद से फरार।
- **1757** ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा पहला एक रूपये का सिक्का ढाला गया।
- **1796** स्पेन और फ्रांस ने ब्रिटेन गठबंधन के खिलाफ हस्ताक्षर किये।
- **1919** अफ़गानिस्तान ने ब्रिटेन से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
- **1944** भारत से जापान की अंतिम सैन्य टुकड़ी को खदेड़ा गया।
- **1949** भुवनेश्वर ओडिशा की राजधानी बनी।
- **1964** संचार उपग्रह सिनकोम 3 का प्रक्षेपण।
- **1977** सोवियत संघ ने सेरी सागान में परमाणु परीक्षण किया।
- **1978** ईरान के सिनेमा घर में आग लगने से 422 की मौत।
- **1998** सूडान एवं अफ़गानिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर संयुक्त राज्य अमेरिका ने मिसाइलों से हमला किया।
- **1999** भारत की परमाणु नीति मसौदे पर नाराज़ जी-8 ने सभी तरह की मदद पर रोक लगाने की घोषणा की।
- **2000** हिना जलाली विश्व की पहली मानवाधिकार संरक्षक प्रतिनिधि नियुक्त।
- **2003** संयुक्त राज्य अमेरिका ने पाकिस्तान को 5 साल में 11 करोड़ 57 लाख डालर का अनुदान देने का निर्णय लिया।
- **2004** वान डेन हुगेनबैंड ओलम्फिक सबसे तेज तैराक बने।
- **2005** श्रीलंका सरकार व लिट्टे में शांति वार्ता फिर शुरू करने पर सहमति।
- **2006** इज़रायल ने फिलिस्तीनी उपप्रधानमंत्री को गिरफ्तार किया।
- **2007** अंतरिक्ष स्टेशन पर गये मिशन एण्डेवर के यात्रियों ने स्पेसवॉक पूरा किया।
- **2008** पाइंमान की सहायक कार्यकारी निदेशक मोसारत कद्दीर व एसोमेदे के अध्यक्ष साजन जिंदल ने भारत-पाक व्यापार संबंधी रिपोर्ट जारी की।
- **2009** नौसेना के कमांडर दिलीप डोंडी स्वदेश निर्मित नौसेना नौका महादेई के द्वारा सम्पूर्ण विश्व की यात्रा के अभियान पर रवाना हुएं।
- इंराक के बगदाद में सिलसिलेवार बम विस्फोट में 101 लोगों की मौत और 565 घायल।

### 19 अगस्त को जन्मे व्यक्ति

- **1887** एस. सत्यमूर्ति – भारत के क्रांतिकारी नेता थे।
- **1891** हरिशंकर शर्मा – भारत के प्रसिद्ध साहित्यकार, कवि, लेखक, व्यंग्यकार और पत्रकार।
- **1907** हजारी प्रसाद द्विवेदी – निबंधकार, उपन्यासकार, आलोचक, चिंतक तथा शोधकर्ता।
- **1908** अब्दुल राशिद ख़ान – पद्म भूषण से सम्मानित हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक।
- **1911** आरसी प्रसाद सिंह – भारत के प्रसिद्ध कवि, कथाकार और एकांकीकार।
- **1918** शंकरदयाल शर्मा – भारत के नवों राष्ट्रपति।
- **1928** शिवप्रसाद सिंह – हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार।
- **1941** जसवंत सिंह रावत – भारतीय थल सेना के जांबाज सैनिकों में से एक थे।
- **1950** सुधा मूर्ति – इंफ़ोसिस फाउंडेशन के संस्थापक एन. आर. नारायणमूर्ति की पत्नी एवं प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता।
- **1967** सत्या नडेला – विश्व की सबसे बड़ी सॉफ़्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ हैं।
- **1982** अरूंधति काटजू – भारतीय अधिवक्ता (वकील) हैं।
- **1985** विजय कुमार – भारतीय निशानेबाज़ हैं।

### 19 अगस्त को हुए निधन

- **2019** ख़य्याम – भारतीय फ़िल्मों के प्रसिद्ध संगीतकार थे।
- **2019** जगन्नाथ मिश्रा – भारतीय राजनेता और बिहार के भूतपूर्व मुख्यमंत्री थे।
- **2013** रोनाल्ड स्टूअर्ट मेक्ग्रेगॉर – शीर्षस्थ भाषा विज्ञानी, व्याकरण के विद्वान, अनुवादक और हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध इतिहासकार थे।
- **1993** उत्पल दत्त – हिन्दी तथा बांग्ला फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता और निर्माता।
- **1987** लक्ष्मी नारायण मिश्र – हिन्दी के प्रसिद्ध नाटककार थे, जिनका हिन्दी के एकांकीकारों में विशेष स्थान है।
- **1987** सचिन नाग – प्रसिद्ध भारतीय तैराक थे।
- **1927** स्वामी सारदानन्द – रामकृष्ण परमहंस के शिष्यों में से एक थे।
- **1909** बदरुद्दीन तैयब जी – प्रसिद्ध वकील, न्यायाधीश और नेता।

### 19 अगस्त के महत्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव



#### विश्व फ़ोटोग्राफ़ी दिवस

यह दिन फ़ोटोग्राफ़ी के महत्व को समझाने, कला, विज्ञान और इतिहास में इसके योगदान को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है।



#### विश्व मानवीय दिवस

यह दिन उन सभी मानवीय कार्यकर्ताओं और संगठनों को समर्पित है जो दुनिया भर में मानवता की सेवा में लगे हुए हैं।

" इतिहास हमें सिखाता है, भविष्य हमें पुकारता है, और युवा हमें आगे बढ़ाते हैं। "

Follow us on : /teachersofbihar

# TOB खेल कॉर्नर

# हॉकी में पेनल्टी कॉर्नर

**भारत-वेल्स मैच में पेनल्टी कॉर्नर (PC) से 3 गोल हुए हैं,**
**जबकि एक फील्ड गोल आया है। जानिए...**


## PC कैसे मिलता है?



जब डिफेंडिंग टीम सर्कल (डी) के अंदर फाउल करती हैं या जानबूझकर गेंद को पैर से रोकती है।
23-मीटर क्षेत्र में जानबूझकर किए गए कुछ फाउल पर भी पेनल्टी कॉर्नर दिया जा सकता है।




## यह गोल करने का सबसे आसान तरीका क्यों है?



क्योंकि, हमलावर टीम पहले से रणनीति बनाकर गोल पर हमला करती है।
पूरा-आउट के बाद एक खिलाड़ी गेंद को रोकता है और दूसरा ड्रैग-फ्लिक या हिट से गोल करने की कोशिश करता हैं।

## इसकी तकनीकी बारीकियाँ क्या हैं?



★ इस दौरान डिफेंडिंग टीम के 5 खिलाड़ी ही गोललाइन पर बचाव कर सकते हैं।
★ बाकी खिलाड़ी सेंटर लाइन के पीछे रहते हैं।
★ गोलकीपर के सामने ड्रैग-फ्लिक जैसी तेज़ शॉट को रोकना मुश्किल हो जाता है।




**★ खेलेंगे हम; जीतेंगे हम! ★**

www.teachersofbihar.org

राकेश कुमार

# आचार्य
# हजारी प्रसाद द्विवेदी



की जयंती पर

## शत्-शत् नमन

**जन्म : 19 अगस्त 1907**


आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जी हिंदी साहित्य के महान विद्धान, लेखक, आलोचक, इतिहासकार और शिक्षाविद थें। उनका साहित्य ज्ञान, शोध और मानवतावाद का अद्भुत संगम है।

### प्रमुख कृतियाँ

- कबीर
- नाथ-संप्रदाय
- बाणभट्ट की आत्मकथा
- चारुचंद्रलोक
- हिंदी साहित्य की भूमिका
- आदि

> "साहित्य का उद्देश्य मनुष्य को मनुष्य बनाना है।"

Madhu priya




उनका साहित्य हमें भारतीय संस्कृति, इतिहास और मानवता की गहरी समझ प्रदान करता है। उनकी स्मृति को हमारा कोटि-कोटि नमन।


**उनकी विरासत हमारे लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगी।**

/teachersofbihar

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## जयंती - 19 अगस्त

प्रसिद्ध साहित्यकार, कवि, लेखक, व्यंग्यकार एवं पत्रकार



# पं. हरिशंकर शर्मा जी

**जन्म : 19 अगस्त 1891, अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश)**

## संक्षिप्त परिचय :

- हिन्दी के प्रसिद्ध हास्य लेखकों में से एक।
- उर्दू, फ़ारसी, गुजराती और मराठी भाषा के ज्ञाता।
- कई पत्र-पत्रिकाओं का सफल संपादन किया।
- अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया।

Madhu priya

### श्रद्धांजलि संदेश :

" उनकी लेखनी ने हिन्दी साहित्य और पत्रकारिता को नई दिशा प्रदान की। "

## जयंती पर शत्-शत् नमन।

Follow us on : /teachersofbihar


# Teachers of Bihar

The change makers

मानवता ही वह भाषा है जो हर दिल को जोड़ती है।

# विश्व मानवतावादी दिवस


## 19 अगस्त



**मानवता का हाथ बढ़ाएँ,**
**एक बेहतर दुनिया बनाएँ।**

विश्व मानवतावादी दिवस मानव सेवा के लिए कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करने और संकट की घड़ी में मानवता की रक्षा के लिए प्रेरित करने का दिन है। यह दिन हमें सिखाता है कि सच्ची मानवता ही सबसे बड़ा धर्म और सबसे बड़ी शक्ति है।

Madhu priya



### इस दिवस का उद्देश्य

- मानव सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना।
- मानवीय मूल्यों और संवेदनशीलता को प्रोत्साहित करना।
- आपदा और संकट के समय सहायता के लिए प्रेरित करना।
- शांति, समानता और सम्मान पर आधारित समाज का निर्माण करना।

### मानवता के मूल मूल्य



दया | सहयोग | सेवा | समानता | सम्मान | शांति


"आइए, हम सब मिलकर मानवता की ज्योति जलाएँ
और हर दिल में प्रेम, दया और सहानुभूति का प्रकाश फैलाएँ"



**मानवता अपनाएँ, जीवन सँवारें।**

"संस्कृति मनुष्य को मनुष्य से जोड़ती है, तोड़ती नहीं।

## हिंदी साहित्य के युगपुरुष, चिंतक एवं आचार्य



# हज़ारी प्रसाद द्विवेदी

## की जयंती

## 19 अगस्त

## पर उन्हें शत्-शत् नमन!

### जीवन परिचय

- **जन्म** : 19 अगस्त 1907
- **जन्मस्थान** : दुबे का छपरा, बलिया, उत्तर प्रदेश
- **निधन** : 19 मई 1979
- **क्षेत्र** : हिंदी साहित्य, आलोचना, इतिहास, संस्कृति, निबंध
- **प्रमुख सम्मान** : साहित्य अकादमी पुरस्कार (1963), पद्म भूषण (1973)

आचार्य हज़ारी प्रसाद द्विवेदी जी आधुनिक हिंदी साहित्य के प्रख्यात साहित्यकार, आलोचक, निबंधकार एवं चिंतक थे। इन्होंने भारतीय संस्कृति, इतिहास, दर्शन और साहित्य को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इनकी रचनाओं में गहन चिंतन, सरल भाषा और मानवीय मूल्यों की अद्भुत् छाप मिलती है।

### प्रमुख कृतियों

- 'बाणभट्ट की आत्मकथा'
- 'चारुचंद्रलेख'
- 'अनामदास का पोथा'
- 'अशोक के फुल' (निबंध संग्रह)
- 'कल्पलता' (निबंध संग्रह)
- 'हिंदी साहित्य की भूमिका'

### विशेष योगदान

- भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के मर्मज्ञ व्याख्याता
- हिंदी साहित्य को नई दृष्टि और गहराई प्रदान की
- कबीर, नाथपंथ और भक्ति साहित्य पर महत्वपूर्ण कार्य
- इतिहास, पुरातत्व और संस्कृति अध्ययन में विशेष रुचि
- सरल, प्रवाहमान एवं प्रभावशाली गद्य शैली के लिए प्रसिद्ध



उनकी साहित्य साधना, विचार और योगदान हमें सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

## सादर नमन!

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



**उत्क्रमित मध्य विद्यालय भनसी**
**गढ़पुरा, बेगुसराय**

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



**राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय**
**कुढ़नी, मुजफ्फरपुर**

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar




मध्य विद्यालय सैनो
जगदीशपुर, भागलपुर

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



उत्क्रमित मध्य विद्यालय छत्रपुरा
मोकामा, पटना

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR